प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 03.06.2025

थाना विजयनगर पुलिस टीम द्वारा लूट/छिनैती/चोरी की घटना को कारित करने वाला 01 अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटर साईकिल , 9320/- रूपये नगद एवं अवैध अस्लाह व कारतूस बरामद ।

दिनांक 03.06.2025 की रात्रि में थाना विजयनगर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान एक मोटर साईकिल सवार दो व्यक्तियों को पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास किया गया किन्तु नही रूके। मोटर साईकिल सावर व्यक्ति द्वारा मोटर साईकिल को पीछे मोडकर आर्मी ग्राउण्ड की तरफ भागने लगे। जिसका पीछा पुलिस द्वारा किया गया मोटर साईकिल सवार दोनों व्यक्ति आर्मी ग्राउण्ड में अनियन्त्रित होकर गिर गये। जिनको पुलिस पार्टी द्वारा आत्मसर्मपण हेतु कहा गया तो पुलिस पार्टी को आता देख बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर करते हुये भागने का प्रयास किया गया। जिसमें आत्मरक्षार्थ में पुलिस पार्टी द्वारा भी सिखलाये गये तरीके से बदमाश पर फायरिंग की गयी जिसमें एक बदमाश घायल हो गया तथा एक बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गया। घायल अभियुक्त **सलमान मनिहार पुत्र सलीम निवासी कैलाखेड़ा पम्प नं0 01 थाना कोतवाली नगर गाजियाबाद उम्र 30 वर्ष** को मौके पर ही मोटर साईकिल एवं अवैध अस्लाह के साथ गिरफ्तार किया गया। घायल अभियुक्त सलमान मनिहार को उपचार हेतु जिला एमएमजी गाजियाबाद हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरणः-

गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि साहब मैं तथा मेरा साथी दीपक एनसीआर क्षेत्र में बाजार एवं भीड़भाड़ वाली जगह से मोटर साईकिल चोरी करके उससे चलते फिरते व्यक्तियों से उनके पर्स एनं चैन , मोबाईल आदि सामान छीन कर भाग जाते हैं और उसे बेचकर जो रूपया मिलता है उसे आपस में बांट लेते तथा अपने शौक पूरे करता हूं। जो मुझसे मोटर साईकिल मिली है। वह भी मैने नोएडा से चोरी की थी तथा पिछले सप्ताह मैने तथा मेरे साथी दीपक ने डीएवी स्कूल के पास स्कूटी सवार महिला से उसके गले से चैन छीन थी जो रूपये मुझसे बरामद हुए है वह उसी चैन के बचे हुये रूपये है। आज भी मैं किसी घटना की फिराक में घूम रहा था कि पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया।

नाम पता अभियुक्तः -

1. **सलमान मनिहार पुत्र सलीम निवासी कैलाखेड़ा पम्प नं0 01 थाना कोतवाली नगर गाजियाबाद उम्र 30 वर्ष**

अभियुक्त का अपराधिक इतिहासः-

अभियुक्त सलमान मनिहार उपरोक्त पर - 05 अभियोग लूट/चोरी/स्नैचिंग से सम्बन्धित एवं 01 अभियोग गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित थाना जीआरपी गाजियाबाद पर, 05 अभियोग आर्म्स एक्ट, गुण्डा अधिनियम एंव 7 सीएल एक्ट से

सम्बन्धित थाना कोतवाली नगर गाजियाबाद पर , 04 अभियोग लूट/चोरी/स्नैचिंग से सम्बन्धित एवं 01 अभियोग गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित थाना विजयनगर गाजियाबाद पर एवं 01 अभियोग लूट से सम्बन्धित थाना सिहानी गेट पर, 01 अभियोग चोरी का थाना जीआरपी रामपुर से सम्बन्धित, **अभियुक्त पर कुल 18 अभियोग पंजीकृत हैं।**

बरामदगी का विवरणः-

1. घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साईकिल चोरी की।
2. 01 अवैध तमंचा 315 बोर , 01 जिन्दा कारतूस , 01 खोखा कारतूस 315 बोर
3. 9320/- रूपये नगद बरामद

गिरफ्तार एवं बरामदगी करने वाली पुलिस टीमः-

थाना विजयनगर पुलिस टीम कमिश्नरेट गाजियाबाद।